# प्रधान कार्यालय बेंगलूरु में हिंदी दिवस समारोह का भव्य आयोजन

केनरा बैंक, प्रधान कार्यालय, बेंगलूरु में दिनांक 27 सितम्बर 2021 को हिंदी दिवस समारोह का भव्य आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता **श्री एल वी प्रभाकर,** प्रबंध निदेशक व मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने की। इस अवसर पर **डॉ एस एन सिंह,** निदेशक, केंद्रीय अनुवाद ब्यूरो (अवकाश प्राप्त) मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित थे। **श्री देवाशीष मुखर्जी**, कार्यपालक निदेशक, **सुश्री ए मणिमेखलै**, कार्यपालक निदेशक, **श्री के सत्यनारायण राजू,** कार्यपालक निदेशक **श्री बृज मोहन शर्मा,** कार्यपालक निदेशक, **श्री शंकर एस,** महा प्रबंधक, मानव संसाधन विभाग, **श्री एच एम बसवराज**, उप महा प्रबंधक, मानव संसाधन विभाग तथा अन्य विभागों के कार्यपालक तथा कर्मचारीगण सभागार में उपस्थित थे। साथ-साथ प्रधान कार्यालय के दूरस्थ विभागों के विभाग प्रमुख तथा अन्य स्टाफ सदस्य भी वी सी के माधयम से जुड़े थे। यह कार्यक्रम यू ट्यूब पर सीधा प्रसारित किया गया। मंचासीन गणमान्यों द्वारा दीप प्रज्जवलित कर समारोह का शुभारम्भ किया गया एवं तत्पश्चात संस्थापक श्री अमेम्बाल सुब्बाराव पै की तस्वीर पर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया।

स्वागत भाषण **श्री शंकर एस,** महा प्रबंधक, मानव संसाधन विभाग ने दिया। राजभाषा कार्यान्वयन के प्रगति की रिपोर्ट **श्री एच एम बसवराज**, उप महा प्रबंधक, मानव संसाधन विभाग ने प्रस्तुत की। विज्ञान भवन, नई दिल्ली में हिंदी दिवस पर माननीय गृह मंत्री **श्री अमित शाह** द्वारा दिए गए संदेश का वीडियो दिखाया गया। इसके बाद **श्री देवाशीष मुखर्जी**, कार्यपालक निदेशक ने सभी को राजभाषा प्रतिज्ञा दिलवायी। मुख्य अतिथि **डॉ एस एन सिंह** और **हमारे प्रबंध निदेशक व मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री एल वी प्रभाकर ने " हिंदी में वेतन पर्ची" और राजभाषा अधिकारियों के लिए एसटीआर 18 पैकेज के तहत शाखा दौरे मॉड्यूल" का विमोचन किया।**

**श्री एल वी प्रभाकर, प्रबंध निदेशक व मुख्य कार्यकारी अधिकारी** ने मुख्य अतिथि **डॉ एस एन सिंह को सम्मानित किया।** मुख्य अतिथि महोदय ने अपने संबोधन में कहा कि हिंदी को अत्यधिक सरल भाषा बनाने की आवश्यकता है। हमें न सिर्फ हिंदी भाषा पर जोर देना चाहिए बल्कि क्षेत्रीय भाषा पर भी जोर देना चाहिए। विज्ञान, चिकित्सा एवं तकनीकी के क्षेत्र में यदि भारत देश को आगे लेकर जाना है तो हमें अपनी देशज भाषाओं के विकास पर जोर देना होगा। यदि हमारे देश को विकासशील से विकसित होना है तो हिंदी भाषा में भारतीय तथा अन्य भाषाओं के शब्दों को भी अपनाना चाहिए।

अपने अध्यक्षीय संबोधन में **श्री एल वी प्रभाकर, प्रबंध निदेशक व मुख्य कार्यकारी अधिकारी** ने सबसे पहले हमारे बैंक की **गृह पत्रिका "केनरा ज्योति" के लिए " राजभाषा कीर्ति" पुरस्कार** प्राप्त होने पर राजभाषा टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा कि प्रथम स्थान प्राप्त करने का मकसद यह भी है कि हम अपने कार्यों को बेहतर ढंग से कर पाएगें। उन्होंने कहा कि हम सभी बैंकिंग क्षेत्र में कार्यरत हैं। बैंकिंग दृष्टिकोण से हमें हिंदी के साथ - साथ क्षेत्रीय भाषाओं के प्रयोग को भी बढ़ावा देना है ताकि कारोबार के लक्ष्य को हासिल किया जा सके तथा अपने बैंक को बैंकिंग जगत में शीर्ष स्थान पर ले जाया जा सके।

हिन्दी में अधिक कार्य करने हेतु बैंक द्वारा संचालित केनरा बैंक राजभाषा अक्षय योजना के तहत प्रधान कार्यालय के सर्वश्रेष्ठ विभागों तथा केनरा बैंक राजभाषा पुरस्कार योजना के तहत कर्मचारियों को उपस्थित गणमान्यों द्वारा पुरस्कृत किया गया। हिंदी माह के उपलक्ष्य में प्रधान कार्यालय में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजयी प्रतिभागियों को भी पुरस्कृत किया गया।

तदुपरांत सांस्कृतिक संध्या में विभिन्न विभागों के कर्मचारियों द्वारा लघु नाटिका, सुगम संगीत प्रस्तुत किया गया। **श्री बिबिन वर्गीस, वरिष्ठ प्रबंधक** ने धन्यवाद ज्ञापित किया। **मंच संचालन श्रीमती शिवानी तिवारी, प्रबंधक** द्वारा किया गया।

# दीप प्रज्जवलन और श्रद्धांजलि











## स्वागत संबोधन




## राजभाषा कार्यान्वयन पर प्रस्तुति



## राजभाषा प्रतिज्ञा




## हिंदी में वेतन पर्ची का विमोचन



## मुख्य अतिथि का सम्मान




## मुख्य अतिथि का संबोधन



प्रबंध निदेशक व मुख्य कार्यकारी अधिकारी का संबोधन




राजभाषा अक्षय योजना का पुरस्कार वितरण




Canara Bank


Canara Bank


Canara Bank

## राजभाषा पुरस्कार योजना के विजेता कर्मचारी






## हिंदी माह के उपलक्ष्य में प्रधान कार्यालय में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता




# सांस्कृतिक कार्यक्रम










आज़ादी का
अमृत महोत्सव


हिंदी दिवस
Day
दिनांक: 27


राजभाषा अनुभाग, मानव संसाधन विभाग, प्रधान
दिवस
Celebrat
27 सितंबर, 2021
आज़ादी का मनाएं अमृत महोत्सव

महा प्रबंधक श्री शंकर एस और उप महा प्रबंधक श्री एच एम बसवराज को " राजभाषाकीर्ति पुरस्कार" सौंपते हुए प्रबंध निदेशक व मुख्य कार्यकारी अधिकारी




